झारखण्ड लोक सेवा आयोग

सर्कुलर रोड, रांची–834001

संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य के नगर विकास एवं आवास विभागान्तर्गत सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी के पदों पर नियमित नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–06/2018) के संबंध में आवश्यक सूचना।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड के पत्रांक–810 दिनांक–29.01.2018 एवं नगर विकास एव आवास विभाग, झारखण्ड के पत्रांक–2328 दिनांक–02.05.2018 द्वारा **झारखण्ड राज्य के नगर विकास एवं आवास विभागान्तर्गत सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी के कुल 56 पदों पर नियमित नियुक्ति** हेतु प्रेषित अधियाचना के अनुरूप संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी भारतीय नागरिकों से विहित प्रपत्र में Online आवेदन दिनांक–**31.08.2018 से दिनांक–14.10.2018** तक आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाईन आवेदन की मुद्रित स्वहस्ताक्षरित प्रति एवं विज्ञापन की कंडिका–**13(थ)** में दिए गए निदेशानुसार सभी वांछित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति आयोग कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **31.10.2018** होगी।

उक्त परीक्षा से संबंधित विज्ञापन संख्या–**06/2018**, Online Application का विस्तृत विवरण आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर दिनांक–**31.08.2018** से उपलब्ध रहेगा।

2. यह संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/-
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची